प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन की आज दूसरे दिन भी अध्यक्षता कर रहे हैं। तीन दिन का यह सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था। श्री मोदी आज सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में एक साझा विकास एजेंडा तैयार करने और उसे कार्यान्वित करने के अलावा राज्यों के साथ भागीदारी की रूपरेखा तय करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच भागीदारी को अधिक मजबूत करना है। इसके साथ ही सहकारी संघवाद को बढ़ाने के साथ तेजी से वृद्धि और विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना भी है। इसमें बिहार सहित सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।

---

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के माई–बहन मान योजना की घोषणा पर राजनीति तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इस घोषणा पर प्रहार करते हुए कहा कि पहले लालू परिवार को अपने पंद्रह साल के शासनकाल का हिसाब जनता को देना चाहिए। वहीं, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि लालू परिवार के शासकाल में पार्टी को मां–बहनों की चिंता क्यों नहीं हुई। इधर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजद के माई–बहन मान योजना की आलोचना करते हुए कहा कि राज्य की जनता अब किसी भी हालत में लालू परिवार को बिहार की कमान नहीं सौंपेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि लालू परिवार के राज में साढ़ नौ सौ करोड़ रूपये का चारा घोटाला हुआ और रेल मंत्री रहते लालू प्रसाद ने जमीन के बदले नौकरी घोटाला किया।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा पूर्वक याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि सरदार पटेल का व्यक्तित्व और उनके कार्य देश की एकता और अखंडता तथा विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। इस अवसर पर पटना के चितकोहरा स्थित पटेल चौक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मणिपुर में जारी हिंसा में गोपालगंज के दो लोगों की हत्या पर गहरा दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतक के निकटतम परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इसके साथ ही श्रम संसाधन विभाग और समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं से नियमानुसार लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिया है।

———————————————————————————

पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज जमुई में सबसे कम न्यूनतम तापमान चार दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रोहतास के डेहरी में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। वहीं, राज्य के कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के स्तर का कुहासा छाया रहा। विभाग ने कहा है कि पूरबा हवा के प्रभाव से अगले तीन दिनों के दौरान रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती। वहीं, अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस और बिहार पशु कल्याण विभाग की टीम ने छापेमारी कर तीन ट्रक मवेशियों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।